हरियाणा रोडवेज में रिक्त पदों को भरने की तैयारी में विभाग

परिवहन निदेशक ने मांगी कुल स्वीकृत पद, भरे हुए पद, रिक्त पदों की जानकारी

राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़ : हरियाणा रोडवेज में स्टाफ का संकट जल्द ही दूर होगा। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के साथ ही विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों को भरने की तैयारी है। इसके लिए परिवहन मुख्यालय ने सभी रोडवेज डिपुओं से स्टाफ का पूरा ब्योरा तलब किया है। जिन पदों पर भर्ती होगी, उनमें सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर, चीफ इंस्पेक्टर, स्टेशन सुपरवाइजर, सर्विस स्टेशन इंचार्ज, यार्ड मास्टर, फोरमैन, डीजल पंप क्लर्क, असिस्टेंट कैशियर, कैशियर, असिस्टेंट स्टोर कीपर, स्टोर कीपर, एसपीए, हेड मैकेनिक, टिकट वेरिफायर, हेड टायरमैन, हेड कारपेंटर, हेड पेंटर, मुख्य लोहार, हेड वेल्डर के पद शामिल हैं।

पक्की भर्ती होने तक रिक्त पदों पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत अनुबंध आधार पर कर्मचारियों की भर्ती की भी योजना है। परिवहन निदेशालय ने सभी महाप्रबंधकों, केंद्रीय कर्मशाला हिसार और अंतरराज्यीय बस अड्डा दिल्ली के उड़नदस्ता अधिकारी को निर्धारित फार्मेट में कार्यालय में कुल स्वीकृत पद, भरे हुए पद, रिक्त पदों की जानकारी शुक्रवार शाम चार बजे तक देने को कहा है। अगर इन पदों के विरुद्ध किसी अन्य पद के कर्मचारी को समायोजित किया गया है तो उसकी जानकारी भी देनी होगी। वहीं, परिचालकों के 280 पदों पर अनुबंध आधार पर भर्ती के लिए परिवहन विभाग कौशल रोजगार निगम के प्रबंध निदेशक को पहले ही मांगपत्र भेज चुका है। परिवहन विभाग में वर्तमान में 6635 परिचालकों की जरूरत है, जबकि 5441 परिचालक उपलब्ध हैं।